प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-10
06/01/2017

अभिनेता ओमपुरी का निधन फिल्म जगत के लिये अपूरणीय क्षति :– मुख्यमंत्री

पटना, 06 जनवरी 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने फिल्म अभिनेता ओमपुरी के असामयिक निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त करते हुये कहा कि उनके निधन से फिल्म जगत को अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि ओमपुरी एक उत्कृष्ट अभिनेता थे। उन्हें उत्कृष्ट अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ट अभिनेता के रूप में दो बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया था साथ ही उत्कृष्ट अभिनय के लिए 1990 में उन्हें पदम्श्री सम्मान से भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया था। अपने अभिनय से वे फिल्म प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय थे।

मुख्यमंत्री ने स्व0 ओमपुरी की आत्मा की चिर शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है।

******